जे. पी. कॉलेज के प्रशिक्षुओं को स्थलबद्ध प्रशिक्षण हेतु हरी झंडी देकर विदाई

आज दिनांक 05/10/2023 दिन गुरूवार को जे. पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में जे. पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं जे. पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी. एड. सत्र–2022–24 (द्वितीय वर्ष) के प्रशिक्षुओं को पाठ योजना के अर्न्तगत स्थलबद्ध प्रशिक्षण हेतु जे. पी. ग्रुप के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस. दिवाकर, जे. पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ0 संजय कुमार, जे. पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला, विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्विनी कुमार के द्वारा शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्यातागण प्रो0 मणिकांत कुमार, प्रो0 संयीता कुमारी, प्रो0 अभिषेक कुमार, प्रो0 राजीव रंजन–1, प्रो0 प्रिंस कुमार, प्रो0 वंदना कुमारी, प्रो0 राजेश कुमार यादव, प्रो0 कुमार आदित्य मनोहर, प्रो0 राजीव रंजन–2 इत्यादि ने प्रशिक्षुओं को स्थलबद्ध प्रशिक्षण की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया।

ज्ञातव्य हो कि बी. एड. पाठ्यक्रम में प्रशिक्षुओं को द्वितीय वर्ष में 16 सप्ताह के स्थलबद्ध प्रशिक्षण हेतु विभिन्न उच्च विद्यालयों में जाना होता है जहाँ ये प्रशिक्षु वास्तविक स्थिति में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।